माननीय प्रधानमंत्री

भारत सरकार

नई दिल्ली

विषय :- बंद पड़े सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन कि व्यवस्था हेतु,

महोदय,

इस पत्र के माध्यम से हम बाल मित्र ग्राम के बच्चे आपका ध्यान COVID-19 महामारी के इस दौर में देश भर में सरकारी विद्यालयों के बंद होने एवं उससे जुड़े अन्य सम्भावित समस्याओं की तरफ आकर्षित कराना चाहते हैं; जैसा कि आप अवगत है विगत चार महीनों से हमारे विद्यालय बंद पड़े हैं। और भविष्य में लम्बे समय तक खुलने के आसार कम है जबकि प्राइवेट विद्यालयों में online पढ़ाई सुचारू रूप से चल रही है, परन्तु हम सुदूरवर्ती जंगली पहाड़ी क्षेत्रों से आते हैं वहाँ पर इंटरनेट की सुविधा नहीं है और न ही हमारे माता-पिता इतने सक्षम है कि इंटरनेट वाले मोबाइल या कम्प्युटर खरीद सकें। साथ-ही हमारे यहाँ टेलिविजन भी नहीं है।

अतः आपसे इस पत्र के माध्यम से हम बच्चे निवेदन करते हैं कि बंद पड़े सरकारी स्कूलों में पठन-पाठन का कोई वैकल्पिक उपाय किया जाए। जैसे कि विद्यालय या पंचायत भवन में टेलिविजन लगाकर (निर्बाध बिजली व्यवस्था सहित) online पठन-पाठन की व्यवस्था कराई जा सकती है जिससे हम बच्चे आपका आभारी रहेंगें।

हम बाल मित्र ग्राम के बच्चे

ग्राम :- इन्दरवा

पो० :- इन्दरवा

थाना :- कोडरमा

जिला :- कोडरमा

पिन कोड :- 825410

राज्य :- झारखण्ड